दैनिक
# जयवर्द्धन
पत्र पंजीयन संख्या RJBIL/26/A5478

वर्ष - 01 | अंक - 46 | राजसमंद - सोमवार, 07 सितम्बर 2026 | मूल्य - 2 रुपया | मो.- 96729 80901 | पृष्ठ - 4

पेज 3 पर पढ़े - राजसमंद में मतदाता जनसंपर्क को मिलेगी नई दिशा :



# राजस्थान में सुरक्षित वातावरण के लिए वाई-सीएलजी की बढ़ेगी भूमिका : डीजीपी

- राजीव कुमार शर्मा ने वीसी से दिए निर्देश, महिला सुरक्षा व साइबर सुरक्षा पर रहेगा फोकस
- अपराध रोकथाम और जनसहभागिता मजबूत करने के लिए डीजीपी ने प्रदेशभर के वाई-सीएलजी सदस्यों और पुलिस अधिकारियों से किया सीधा संवाद
- साइबर फ्रॉड से बचाव व महिला सुरक्षा के लिए दिया टास्क एक माह बाद होगी प्रभावशीलता की समीक्षा

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेशभर के पुलिस अधिकारियों एवं पुलिस से जुड़े वाई-सीएलजी सदस्यों से संवाद किया। उन्होंने वाई-सीएलजी को पुलिस और आमजन के बीच प्रभावी कड़ी के रूप में विकसित करते हुए अपराधों की रोकथाम, साइबर सुरक्षा, रोड़ सेफ्टी, महिला/बालिकाओं की सुरक्षा व नशे के खिलाफ दिया विशेष जोर दिया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस लता मनोज कुमार और उपमहानिरीक्षक कुंवर राष्ट्रदीप मौजूद थे। डीजीपी शर्मा ने कहा कि राजस्थान को देश का सबसे सुरक्षित राज्य बनाने के लक्ष्य में वाई-सीएलजी की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। इसके लिए वाई-सीएलजी सदस्यों को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर पुलिस के साथ समन्वय से काम करना होगा। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि सदस्यों के साथ निरंतर संवाद और समन्वय बनाए रखा जाए तथा उन्हें अपराध रोकथाम एवं जनसुरक्षा के कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया जाए। वीसी में राजसमंद से एसपी हेमंत कलाल, एएसपी महेन्द्र पारीक, बंशीलाल,



डीएसपी नेत्रपालसिंह, राकेश वर्मा, जितेन्द्रसिंह, शिप्रा राजावत सहित जिलेभर के पुलिस अधिकारी व युवा शामिल हुए।

## अपराध की आशंका वाली गतिविधियों की सूचना पुलिस तक पहुंचाए

डीजीपी ने कहा कि वाई-सीएलजी सदस्यों को अपराध संबंधी महत्वपूर्ण सूचनाएं स्थानीय स्तर पर गोपनीय रूप से पुलिस तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया जाए ताकि अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस प्रभावी कार्यवाही कर सकें। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में महिला अपराधों की रोकथाम को विशेष प्राथमिकता दी गई। वाई-सीएलजी सदस्यों के माध्यम से बालिका/महिलाओं के प्रति सुरक्षित वातावरण प्रदान करने में वाई सीएलजी व पुलिस के समन्वय पर जोर दिया। डीजीपी शर्मा ने कहा कि यूथ सीएलजी को युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति को रोकने की दृष्टि से आगे आना होगा और नशे के व्यापार पर रोक लगाने के लिए सुचना साझा करने एवं जनजागरूकता करने का आहवान किया। साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैलाने मे वाई सीएलजी योगदान दे सकती है। इससे संभावित साइबर अपराधों की जानकारी समय रहते पुलिस तक पहुंचाने और लोगों को जागरूक करने में मदद मिलेगी।

**व्हाट्सऐप ग्रूप से होगा त्वरित संवाद**

वाई-सीएलजी को पुलिस से लगातार जोड़े रखने के लिए थाना एवं जिला स्तर पर व्हाट्सऐप ग्रुप बनाए जाने के निर्देश दिए गए। इन ग्रुप के माध्यम से महत्वपूर्ण सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान सुनिश्चित किया जाएगा। पुलिस द्वारा साझा की जाने वाली उपयोगी एवं जनहितकारी सूचनाओं को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने में भी वाई-सीएलजी सदस्यों की भूमिका सुनिश्चित की जाएगी। डीजीपी शर्मा ने वाई-सीएलजी के माध्यम से पुलिस को प्राप्त सूचनाओं और उन पर की गई सफल कार्रवाई को चिन्हित कर सक्सेस स्टोरी तैयार करने के निर्देश दिए। इन सफल प्रयासों को सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से आमजन तक पहुंचाया जाएगा, ताकि पुलिस के प्रति लोगों का विश्वास बढ़े और अधिक से अधिक नागरिक अपराध रोकथाम में पुलिस का सहयोग करने के लिए प्रेरित हों।

## एक माह बाद होगी कार्यों की समीक्षा

डीजीपी ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में 73 हजार 184 वाई-सीएलजी सदस्य पुलिस से जुड़ चुके हैं।

उन्होंने वाई-सीएलजी के माध्यम से किए जा रहे कार्यों की प्रभावशीलता और अपराध रोकथाम में उनके योगदान की एक माह बाद समीक्षा करते हुए सफल कार्यों की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पुलिस और वाई-सीएलजी की संयुक्त एवं सक्रिय भागीदारी से सुरक्षित राजस्थान के संकल्प को और मजबूत किया जा सकेगा।

# जिले की पांचों नगर निकायों में भाजपा की प्रचंड जीत तय : पालीवाल



जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** नगर निकाय चुनाव को लेकर भाजपा ने जिले की पांचों नगर निकायों में चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल ने कहा कि भाजपा के पक्ष में मजबूत जनसमर्थन है और संगठन की मेहनत के आधार पर राजसमंद नगर परिषद सहित नाथद्वारा, आमेट, देवगढ़ एवं भीम में भाजपा प्रचंड बहुमत से विजयी होगी। पालीवाल ने कहा कि भाजपा के सातों मोर्चों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बूथ स्तर तक सक्रिय हैं और घर-घर संपर्क कर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी आमजन तक पहुंचा रहे हैं। युवा मोर्चा को विशेष जिम्मेदारी देते हुए युवा मतदाताओं से संवाद, बूथ प्रबंधन और जनसंपर्क अभियान को गति देने पर जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति का उत्साह, महिला मोर्चा की सक्रियता और भाजपा कार्यकर्ताओं की एकजुट मेहनत पांचों निकायों में पार्टी की जीत का आधार बनेगी। इस दौरान राकेश सिंदल, चेतन पालीवाल, हर्षित पालीवाल सहित पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# श्रीचारभुजा बड़ा मंदिर में नंदोत्सव की धूमः जयकारों के बीच श्रीकृष्ण नवयुवक मंडल राजनगर ने फोड़ी दही-हांडी




राजसमंद। राजनगर स्थित श्रीचारभुजा बड़ा मंदिर में आयोजित नंदोत्सव के दौरान मटकी फोड़ प्रतियोगिता में भाग लेते श्रद्धालु।

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** राजनगर स्थित बड़ा चारभुजा मंदिर के बाहर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीचारभुजा मित्र मंडल के संयुक्त तत्वावधान में नंदोत्सव पर परंपरागत दही-हांडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी फरियों और आकर्षक विद्युत रोशनी से बहुत ही सुंदर तरीके से सजाया गया था। शाम 8 बजे शुरू हुआ यह रोमांचक आयोजन देर रात बजे तक चला। मीडिया प्रभारी कार्तिक बापडोत के अनुसार इस प्रतियोगिता में चार प्रमुख गोविंदा टीमों- श्रीकृष्ण नवयुवक मंडल राजनगर, मां चामुंडा मित्र मंडल गुड़ा, शिव गणेश ग्रुप तथा मेवाड़ मंच ने भाग लिया। शुरुआती दो पारियों में चारों टीमों के कड़े प्रयासों के बावजूद जब हांडी नहीं फूटी, तो तीसरी पारी से पहले हांडी की ऊंचाई को थोड़ा कम करने के लिए रस्सियों को ढील दी गई। अंतिम दौर में श्रीकृष्ण नवयुवक मंडल राजनगर के गोविंदाओं ने बेहतरीन तालमेल का परिचय देते हुए पिरामिड बनाया और रात 11:15 बजे हांडी की रस्सी पकड़कर आखिरकार दही-हांडी फोड़ दी। श्रीकृष्ण नवयुवक मंडल की टीम को आयोजक समिति की ओर से 12 हजार 100 रुपये का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। हांडी फोड़ने के दौरान नीचे गिरने के बाद भी गोविंदाओं का ढोल-डीजे की धुन पर नाचना और भक्तों का जयकारों के साथ झूमना पूरे आयोजन में विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर यादव युवा संगठन द्वारा भगवान को 121 लीटर खीर का महाभोग लगाया गया। संचालन कैलाश पुरोहित और जिगर सेन ने किया। इस दौरान चारभुजा मित्र मंडल के मोहित यादव, संतोष वैष्णव, यादव युवा संगठन के सदस्यों सहित ग्रामीण मौजूद थे। कार्यक्रम का समापन ठाकुरजी की महाआरती के साथ हुआ।

देवगढ़ थाना व डीएसटी राजसमंद की अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

# 45 किलो डोडा चूरा के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार, इटियोस कार जब्त

जयवर्द्धन न्यूज़

**देवगढ़।** नगरीय निकाय आम चुनाव 2026 की आचार संहिता के मद्देनजर पुलिस महानिरीक्षक उदयपुर रेंज के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत जिला पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एसपी हेमंत कलाल के निर्देशों की पालना में एएसपी महेंद्र पारीक एवं डीएसपी भीम राकेश कुमार वर्मा के सुपरविजन में देवगढ़ थानाधिकारी मुकेश चौधरी के नेतृत्व में गठित टीम व डीएसटी टीम राजसमंद ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 45 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, साथ ही तस्करी में प्रयुक्त कार को जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि विश्वसनीय मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर देवगढ़ थानाधिकारी मय टीम व डीएसटी टीम द्वारा काली घाटी पर विशेष नाकाबंदी शुरू की गई थी। नाकाबंदी के दौरान एक सफेद रंग की टोयोटा इटियोस कार आती हुई दिखाई दी। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए गाड़ी को रुकवाया और तलाशी लेने पर उसमें से 45 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा बरामद हुआ, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वाहन और मादक पदार्थ को जब्त कर आरोपी को हिरासत में ले लिया। पकड़े गए




अभियुक्त की पहचान मुकेश (27) पुत्र दामाराम बावरी निवासी लालाप पुलिस थाना भावुण्डा जिला नागौर के रूप में हुई है। अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के संबंध में की गई गहन पूछताछ और प्रारंभिक अनुसंधान से यह खुलासा हुआ कि उक्त डोडा चूरा नारायणलाल पुत्र हीरालाल माली निवासी आचार्यों का मोहल्ला भादसोड़ा जिला चित्तौड़गढ़ से खरीदा गया था। उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार इस मामले का अग्रिम अनुसंधान थानाधिकारी पुलिस थाना भीम द्वारा किया जा रहा है। इस कार्रवाई को अंजाम देने में थानाधिकारी मुकेश चौधरी, सहायक उप-निरीक्षक रामचंद्र, हेड कांस्टेबल देवेंद्रसिंह, कांस्टेबल रामचंद्र, दिनेश, हेतराम व चालक रामस्वरूप शामिल रहे। वहीं डीएसटी टीम से प्रभारी उप-निरीक्षक केसाराम, हेड कांस्टेबल अरविंद, विजयसिंह, करणसिंह, कांस्टेबल धारासिंह, रमेश, चालक हंसराम तथा साइबर सेल कांस्टेबल इंद्रचंद व राहुल की सराहनीय भूमिका रही।

# एक राज्य, एक चुनाव के संकल्प से राजस्थान ने रचा नया इतिहास : माहेश्वरी



जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान ने एक राज्य, एक चुनाव के संकल्प को साकार कर देश में नया इतिहास रचा है। राजस्थान देश का पहला राज्य बना है, जहां इस अवधारणा को प्रभावी रूप से लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय लोकतांत्रिक प्रक्रिया को अधिक सुव्यवस्थित बनाने के साथ विकास कार्यों में निरंतरता और प्रशासनिक संसाधनों के बेहतर उपयोग की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। विधायक माहेश्वरी ने जिले में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों के चुनाव कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रमों में सहभागिता की। वार्ड नंबर 29, बस स्टैंड, कांकरोली वार्ड नंबर 36, गांधी सेवा सदन के सामने, किशोरनगर तथा वार्ड नंबर 02, नेगडिया वाड़ा, गाड़रियावास, राजनगर में आयोजित कार्यक्रमों में उन्होंने कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि विभिन्न वार्डों में नागरिकों, भाजपा कार्यकर्ताओं और मातृशक्ति का उत्साहपूर्ण जनसमर्थन भाजपा के प्रति जनता के विश्वास तथा विकास के संकल्प को दर्शाता है। उन्होंने पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए आगामी नगर परिषद चुनाव में संगठन की विजय के लिए एकजुट होकर समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। विधायक माहेश्वरी ने सभी कार्यकर्ताओं से डीकेएम वोटर कनेक्ट एप के माध्यम से जनसंपर्क अभियान को अधिक प्रभावी, व्यवस्थित और परिणामदायी बनाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि तकनीक के प्रभावी उपयोग और कार्यकर्ताओं के समन्वित प्रयास से प्रत्येक मतदाता तक संपर्क स्थापित कर क्षेत्र के विकास एवं जनकल्याण के संकल्प को और मजबूत किया जा सकता है।

जयवर्द्धन सम्पादकीय

## बढ़ते तापमान से पिघलता हिमालय

नेपाल में हिमालय का ग्लेशियर दरक कर गिरने की घटना को भूकंप विज्ञानी पिछले दो दशकों की सबसे भयावह घटना मानते हैं। लांगतांग लिरुंग पर्वत की उत्तरी ढलान पर जमा ग्लेशियर 26 अगस्त को अपनी 20 करोड़ घनमीटर बर्फ और मलबे के साथ दरक कर 1200 मीटर नीचे लेंडे खोला नदी की घाटी में जा गिरा।

उसने भोटेकोशी और त्रिशूली घाटियों में प्रलयंकारी बाढ़ के साथ-साथ 5.2 तीव्रता का भूकंप भी पैदा किया। संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन संस्था के कार्यकारी सचिव साइमन स्टील ने कहा कि जलवायु परिवर्तन से ऐसी आपदाओं की आशंका, आवृत्ति और घातकता बढ़ रही है।

दक्षिणी और उत्तरी ध्रुवों के बाद सबसे अधिक बर्फ हिमालय में पाई जाती है। इसलिए इसे पृथ्वी का तीसरा ध्रुव भी कहा जाता है। हिमालय के 60 हजार से अधिक ग्लेशियर एशिया की दस बड़ी नदियों और सैकड़ों सहायक नदियों के स्रोत हैं जिनसे भारत, चीन, हिंद चीन और मध्य एशिया के अरबों लोगों को भोजन, पानी और ऊर्जा मिलती है। ग्लेशियरों का तीन चौथाई भाग समुद्रतट से केवल 4500 से 6000 मीटर की ऊंचाई पर ही है। इसलिए बढ़ते तापमान का प्रभाव इन पर सबसे पहले पड़ता है।

तापमान बढ़ने के साथ-साथ एशियाई देशों से फैलते प्रदूषण के कण हिमालय के ग्लेशियरों पर काली परत के रूप में जम रहे हैं। इससे ग्लेशियरों की बर्फ सूर्य की गर्मी को परावर्तित करने की जगह उसे सोख कर पिघलने लगी है। जलवायु परिवर्तन के कारण अब पहाड़ों पर बर्फबारी भी कम होने लगी है और पानी अधिक बरसने लगा है, जो सदियों से जमे ग्लेशियरों की बर्फ और पर्माफ्रोस्ट या सदाजमी मिट्टी को पिघला रहा है।

यह मिट्टी सीमेंट की तरह बर्फ को मलबे और चट्टानों से बांधे रखती है। उसके पिघलने से ग्लेशियर और उनकी झीलें टूटना, हिमस्खलन और भूस्खलन बढ़ रहे हैं। पिछले 30 वर्षों में नेपाल के ग्लेशियरों की एक तिहाई बर्फ पिघल चुकी है और बीते दशक में उसके पिघलने की रफ्तार उससे पिछले दशक से 65 प्रतिशत तेज हो गई है।

ग्लेशियरों और सदाजमी मिट्टी के पिघलने से हिमालय की नदियों का जल प्रवाह बढ़ रहा है, जो तात्कालिक रूप से लाभ दे सकता है, लेकिन यह दो विनाशकारी खतरों को जन्म दे रहा है। एक तो ग्लेशियर पिघलने से उनके भीतर जमे मलबे के बांधों से झीलें बन रही हैं, जिनके टूटने से बाढ़ आ सकती हैं। चोराबाड़ी ग्लेशियर की ऐसी ही झील जुलाई 2013 में उत्तराखंड में टूटी थी, जिससे अलकनंदा में प्रलयंकारी उफान आया था और केदारनाथ से लेकर सोनप्रयाग तक के तटवर्ती गांव बहा ले गया था। दूसरे, सदाजमी मिट्टी पिघलने से पहाड़ों की चोटियों पर जमे ग्लेशियर दरकने लगे हैं।

नेपाल में टूटा ग्लेशियर उसी की डरावनी मिसाल है। ऐसी ही घटना उत्तराखंड के चमोली जिले में फरवरी 2021 में हो चुकी है जब रोंटी चोटी पर जमा ग्लेशियर चट्टान के साथ टूटकर आ गिरा था। उससे ऋषिगंगा और धौलीगंगा में आई बाढ़ ने कई गांवों समेत दो पनबिजली परियोजनाओं और तपोवन बांध को ध्वस्त कर दिया था। अक्टूबर 2023 में सिक्किम में सदाजमी मिट्टी पिघलने से हुआ भूस्खलन दक्षिण लोनाक ग्लेशियर की झील में जा गिरा था, जिससे उफनी तीस्ता नदी ने चुंगथांग बांध को मिनटों में तोड़ डाला था। अंतरराष्ट्रीय पर्वत विकास केंद्र के अनुसार पूरे हिमालय में 8000 से अधिक ग्लेशियर झीलें हैं, जिनमें से 200 से अधिक टूटने के कगार पर हैं। नेपाली अध्ययन के अनुसार कोशी, गंडकी और करनाली नदियों को जल देने वाले ग्लेशियरों में 47 ऐसी झीलें हैं, जिनके टूटने का खतरा है। जलवायु विज्ञानियों का कहना है कि यदि बढ़ते तापमान की रोकथाम के तुरंत कारगर उपाय नहीं किए गए तो सारे ग्लेशियर पिघल कर सूख जाने तक ऐसी आपदाएं आती रहेंगी और ग्लेशियर सूखने के बाद नदियां बरसाती बन जाएंगी और रेगिस्तान जैसे हालात हो जाएंगे।

यह भयानक परिवर्तन इस सदी के अंत तक भी हो सकता है। इसकी रोकथाम के लिए चीन और भारत समेत हिमालय की नदियों पर आश्रित सभी देशों को एकजुट होकर ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन रोकने के ठोस उपाय पहले तो स्वयं करने होंगे और फिर उनके लिए पूरी दुनिया को तैयार करना होगा, लेकिन ट्रंप जैसे नेताओं के कारण यह दुष्कर काम और भी दुष्कर हो गया है। ऊपर से जलवायु परिवर्तन इतनी गति पकड़ चुका है कि अब सारा उत्सर्जन रोकने पर भी उसका असर कई दशकों बाद ही हो पाएगा। इसलिए तात्कालिक जरूरत दरकने के कगार पर पहुंचे ग्लेशियरों और टूटने के कगार पर पहुंची ग्लेशियर झीलों की पहचान, निगरानी और पूर्वसूचना की एक सुनियोजित व्यवस्था बनाने की है।

# चिकित्सा शिक्षा व शोध के लिए 65 वर्षीय महिला का देहदान

जयवर्द्धन न्यूज़

### अनंता मेडिकल कॉलेज को सौंपा गया पार्थिव शरीर

**राजसमंद।** मानव सेवा और चिकित्सा शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक परिवार ने अनुकरणीय मिसाल पेश की है। 65 वर्षीय महिला के निधन के बाद उनके परिजनों ने उनका पार्थिव शरीर राजसमंद स्थित अनंता इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च सेंटर को दान कर दिया। कार्यकारी निदेशक डा नितिन शर्मा ने बताया की महिला का इलाज इसी अस्पताल में चल रहा था, निधन रविवार सुबह हुआ। इसके तुरंत बाद उनके पति और परिजनों ने आपसी सहमति से चिकित्सा शिक्षा एवं शोध कार्य के लिए देहदान करने का निर्णय लिया और सभी औपचारिक प्रक्रियाएं पूरी करते हुए पार्थिव देह संस्थान के एनाटॉमी विभाग को सौंप दी। उन्होंने बताया की परिजनों का यह निर्णय समाज के अन्य लोगों को भी देहदान और अंगदान जैसी सकारात्मक पहल से जुड़ने की प्रेरणा देता है। संस्थान की एनाटॉमी विभागाध्यक्ष डॉ स्तुति श्रीवास्तव तथा प्रिंसिपल व कंट्रोलर डॉ संजय गुप्ता ने इस पुनीत कार्य के लिए परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। कॉलेज प्रशासन ने परिजनों को प्रशंसा पत्र सौंपते हुए कहा कि यह निस्वार्थ कदम मानवता के लिए एक अमूल्य उपहार है। इससे मेडिकल छात्रों के व्यावहारिक प्रशिक्षण, शोध कार्य और भविष्य के स्वास्थ्य विशेषज्ञों को तैयार करने में बड़ी मदद मिलेगी।



**राजसमंद। महिला के निधन के बाद चिकित्सा शिक्षा व शोध के लिए अनंता इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च सेंटर में देहदान करते परिवारजन।**

# निःशुल्क सिलाई सेंटर का समापनः हाथों के हुनर से आत्मनिर्भर बनीं ग्रामीण महिलाएं और बालिकाएं

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** अंत्योदय फाउंडेशन मुंबई के तत्वावधान में रतनदेवी गणपतलाल बापना के आर्थिक सहयोग और राष्ट्रीय युवा अवॉर्डी प्रकाश बोलीवाल की प्रेरणा से सराय भगवानदा कलां में आयोजित दो माह निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण शिविर का सफलतापूर्वक समापन हुआ। दो माह तक चले इस प्रशिक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण परिवेश की महिलाओं और बालिकाओं को कौशल विकास के माध्यम से स्वावलंबी बनाना रहा। प्रशिक्षिका रीना खींची ने बताया कि इस दो महीने के प्रशिक्षण में कुल 18 महिलाओं और बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को सिलाई मशीन के कल-पुर्जों की जानकारी, रखरखाव, काज-बटन करने की तकनीक, अखबार पर कटिंग, बच्चों के झबले, कुर्ता, फ्रॉक, नेकर, लहंगा, ब्लाउज तथा बैग बनाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। समापन समारोह स्थानीय बाबूलाल रैगर तथा चंपालाल गमेती के सानिध्य में आयोजित किया गया। इस दौरान समाजसेवी रोशनलाल गमेती की ओर से सभी 18 संभागी महिलाओं और बालिकाओं को सिलाई कार्य में उपयोगी सामग्री की किट भेंट की गई। समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय युवा अवॉर्डी प्रकाश बोलीवाल ने कहा कि अंत्योदय फाउंडेशन मुंबई द्वारा ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं व बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से समय-समय पर सिलाई और ब्यूटी पार्लर जैसे स्वरोजगार आधारित प्रशिक्षण आयोजित किए जाते हैं।

अंतिम चरण में सभी प्रशिक्षणार्थियों ने अपने दो माह के अनुभव साझा किए तथा सभी सफल प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किए गए।




**राजसमंद। अंत्योदय फाउंडेशन मुंबई के तत्वावधान में आयोजित निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण के तहत सफल प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरण करते पदाधिकारी।**

# शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान : साई विहार कॉलोनी में 7 वर्षों से निभाई जा रही गुरु-शिष्य परंपरा

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** साई विहार कॉलोनी स्थित प्रभु श्रीओंकारेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में शिक्षक दिवस पर शिक्षक सम्मान समारोह-2026 के आयोजन में कॉलोनी के प्रबुद्धजनों एवं साई विहार की ओर से क्षेत्र के गुरुजनों का सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया। कार्यक्रम के दौरान गुरुदेव अंबालाल पालीवाल, संजय पालीवाल, महेंद्र दवे, द्वारकेश तम्बोली, अनिल पारीक, कपिल पालीवाल, कमलेश जोशी, गोपाल सिंह, जयश्री खत्री, बसंता मीणा, रक्षा श्रीमाली सहित मुकेश शर्मा का इकलाई ओढ़ाकर सम्मान किया गया। कॉलोनी अध्यक्ष बृजलाल कुमावत ने कहा कि शिक्षक का सम्मान भारतीय संस्कृति की गौरवशाली गुरु-शिष्य परंपरा के निर्वहन के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों के महत्वपूर्ण योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि साई विहार परिवार द्वारा पिछले 7 वर्षों से शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित कर गुरुजनों के प्रति प्रेम, श्रद्धा एवं सम्मान प्रकट करने के साथ उनका आशीर्वाद प्राप्त किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गुरु ही नई पीढ़ी को जीवन में आगे बढ़ने की सही दिशा एवं संस्कार प्रदान करते हैं। गुरु के प्रति सम्मान एवं श्रद्धा का भाव विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। गुरु का मार्गदर्शन व्यक्ति को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता की राह दिखाता है और समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करने की प्रेरणा देता है। इस दौरान कॉलोनी उपाध्यक्ष पुरण सिंह शेखावत, उत्सव कमेटी अध्यक्ष दाऊलाल सेन, राजेश जोशी, बालकृष्ण, पूर्णाशंकर बागोरा, राजेंद्र चौधरी, मनोज सुथार, दुर्गेश पालीवाल, मनीष पालीवाल, डॉ गिरिराज शर्मा, मदन गुर्जर सहित प्रबुद्धजन मौजूद थे।



**राजसमंद। साईं विहार कॉलोनी स्थित श्रीओंकारेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को सम्मानित करते कॉलोनी सदस्य।**

# आदर्श विद्या मंदिर में मनाया गया शिक्षक दिवस

## - विद्यार्थियों ने निभाई शिक्षकों की भूमिका

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** श्रीपुष्टिमार्गीय तृतीय पीठ प्रन्यास कांकरोली द्वारा संचालित आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय हाउसिंग बोर्ड धोइंदा में शिक्षक दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में विभिन्न ज्ञानवर्धक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अनूठे अंदाज में गुरुजनों का सम्मान करते हुए स्वयं शिक्षकों की भूमिका निभाई। छात्र-छात्राओं ने कक्षाओं में अध्यापन कार्य करवाया और शिक्षक के दायित्वों एवं जिम्मेदारियों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने अपने सहपाठियों को विभिन्न विषय पढ़ाए और कक्षा संचालन की पूरी जिम्मेदारी बखूबी संभाली। विद्यार्थियों ने गुरुजनों के सम्मान में रंगारंग सांस्कृतिक एवं मनोरंजक प्रस्तुतियां दीं। वहीं समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने अपनी-अपनी विशेष प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को और अधिक रोचक व आनंदमय बना दिया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को शिक्षक दिवस के महत्व तथा जीवन में गुरु के मार्गदर्शन की महत्ता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मंच संचालन छात्रा पायल गायरी, काजल गायरी, विधि जोशी एवं यशस्वी जोशी ने किया। मंच संचालकों ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति से पूरे कार्यक्रम में उत्साह का माहौल बनाए रखा। संपूर्ण आयोजन के दौरान विद्यालय परिसर उत्साहए उमंग और गुरु-शिष्य के सम्मान की भावना से सराबोर नजर आया।

# मारवाड़ खो-खो प्रीमियर लीग के लिए उदयपुर संभाग की पुरुष टीम घोषित

जयवर्द्धन न्यूज़

### सनवाड़ में ट्रायल के बाद हुआ चयन

**राजसमंद।** मारवाड़ खो-खो प्रीमियर लीग के पुरुष वर्ग के लिए उदयपुर संभाग की टीम का चयन रविवार को जिले के सनवाड़ स्थित सरस्वती सेकेंडरी स्कूल में आयोजित चयन स्पर्धा के माध्यम से किया गया। इस ट्रायल प्रतियोगिता में उदयपुर संभाग भर से 45 पुरुष खो-खो खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपना प्रदर्शन दिखाया। चयन प्रक्रिया को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए खो-खो के आधिकारिक नियमानुसार खिलाड़ियों की चार अलग-अलग टीमें बनाई गई और उनके बीच मैच आयोजित किए गए। खिलाड़ियों के प्रदर्शन, खेल कौशल और प्रतिभा को बारीकी से परखने के बाद अंतिम संभागीय टीम का चयन किया गया। राष्ट्रीय खो-खो प्रशिक्षक महेंद्र कुमार दूरियां ने बताया कि टीम का चयन उनके नेतृत्व में पन्नालाल कुमावत, हेमंत नाथ चौहान तथा बीएल कीर के सहयोग से संपन्न हुआ। यह चयनित पुरुष टीम आगामी मारवाड़ खो-खो प्रीमियर लीग में उदयपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करेगी। इस दौरान आयोजन स्थल सरस्वती सेकेंडरी स्कूल के संस्था प्रधान कमलेश कुमावत तथा निकिता पालीवाल ने चयनकर्ता निर्णायकों एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों का स्वागत किया।



**राजसमंद। मारवाड़ खो-खो प्रीमियर लीग के पुरुष वर्ग उदयपुर संभाग की टीम के चयन के लिए आयोजित ट्रायल प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी।**

# राजसमंद में मतदाता जनसंपर्क को मिलेगी नई दिशा : विधायक माहेश्वरी ने किया डीकेएम वोटर कनेक्ट एप का शुभारंभ

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने नगर परिषद राजसमंद चुनाव-2026 के दौरान नगर क्षेत्र में जनसंपर्क एवं विभिन्न चुनावी कार्यालयों के उद्घाटन पर भाजपा के समस्त 45 वार्डों के अधिकृत प्रत्याशियों की सुविधा एवं प्रभावी चुनावी प्रबंधन के लिए डीकेएम वोटर कनेक्ट एप का शुभारंभ किया। विधायक माहेश्वरी ने बताया कि जनसंपर्क और अधिकतम मतदान सुनिश्चित करने के लिए यह एप अत्यंत सुविधाजनक साबित होगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान में राजसमंद प्रदेश का पहला ऐसा शहर है, जहां किसी विधायक द्वारा अपनी समस्त पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में इस प्रकार का मोबाइल एप उपलब्ध



राजसमंद। डीकेएम वोटर कनेक्ट एप के शुभारंभ को लेकर पोस्टर विमोचन करती विधायक दीप्ति माहेश्वरी व भाजपा कार्यकर्ता।

करवाया गया है। उन्होने स्पष्ट किया कि यह विशेष मोबाइल एप भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों एवं कार्यकर्ताओं को अपने-अपने वार्ड के मतदाताओं से संबंधित आवश्यक जानकारी सरलता, सुगमता एवं शीघ्रता से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इस एप के माध्यम से वार्ड संख्या, मतदाता क्रमांक, भाग संख्या तथा परिवार के मतदाताओं सहित अन्य आवश्यक विवरण आसानी से खोजे जा सकेंगे, साथ ही मतदाता पर्चियां भी मतदाताओं के मोबाइल पर सीधे भेजी जा सकेंगी। इससे जनसंपर्क को अधिक व्यवस्थित, प्रभावी एवं परिणाममुखी बनाने में सहायता मिलेगी। इस दौरान उपस्थित भाजपा प्रत्याशियों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने डीकेएम वोटर कनेक्ट एप को जनसंपर्क एवं प्रचार अभियान के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। एप के उपयोग की प्रक्रिया के अनुसार इच्छुक प्रत्याशी एवं कार्यकर्ता अपने मोबाइल फोन में एप डाउनलोड कर नाम एवं मोबाइल नंबर दर्ज करने के बाद प्राप्त ओटीपी की सहायता से पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। पंजीकरण पूर्ण होने के उपरांत विधायक कार्यालय से स्वीकृति प्राप्त होने के बाद ही एप की सुविधाओं का उपयोग किया जा सकेगा।

# नाथद्वारा में एमपीएमएससी सीनियर महिला आमंत्रण क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज

## - उद्घाटन मैच में छत्तीसगढ़ ने ओडिशा को 8 विकेट से हराया

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** मदन पालीवाल मिराज स्पोर्ट्स सेंटर (एमपीएमएससी) में अंडर-19 टूर्नामेंट की सफलता के बाद अब एमपीएमएससी सीनियर महिला आमंत्रण क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 का शुभारंभ हो गया है। इस प्रतियोगिता में बीसीसीआई से मान्यता प्राप्त तीन प्रमुख राज्य संघों छत्तीसगढ़, झारखंड और ओडिशा की सीनियर महिला टीमें भाग ले रही हैं। रविवार को खेले गए टूर्नामेंट के उद्घाटन टी 20 मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए छत्तीसगढ़ टीम ने ओडिशा को 20 ओवर में 9 विकेट पर 123 रनों पर रोक दिया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी छत्तीसगढ़ टीम ने आक्रामक प्रदर्शन करते हुए महज 16.1 ओवर में 2 विकेट खोकर 125 रन बना लिए और मुकाबला 8 विकेट से अपने नाम कर लिया। टीम की कृति गुप्ता को उनके ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जिन्होंने गेंदबाजी में 2 विकेट लेने के अलावा 14 गेंदों पर नाबाद 24 रन बनाए। वहीं शिल्पा साहू ने 57 गेंदों में 6 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 60 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली, जबकि प्रतिज्ञा सिंह ने 2 विकेट हासिल कर गेंदबाजी में अहम भूमिका निभाई। इस दौरान बालिका क्रिकेट को प्रोत्साहन देने के लिए एमपीएमएससी अकादमी ने महिला खिलाड़ियों के प्रशिक्षण शुल्क में 50 प्रतिशत छात्रवृत्ति देने की




राजसमंद। मदन पालीवाल मिराज स्पोर्ट्स सेंटर में आयोजित सीनियर महिला आमंत्रण क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी।

विशेष घोषणा की है। प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही टीमों और कोचों ने नाथद्वारा में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करने के लिए मिराज ग्रुप चेयरमैन पालीवाल की दूरदर्शी सोच का आभार व्यक्त किया। टूर्नामेंट के दौरान बीसीसीआई के नियमों के तहत प्रत्येक टीम चार-चार मुकाबले खेलेगी और अंक तालिका की शीर्ष दो टीमों के बीच 12 सितंबर को खिताबी मुकाबला खेला जाएगा।

# निकाय चुनाव में पुरुषों की संख्या महिलाओं से करीब 11 हजार ज्यादा, प्रदेश में 38,929 प्रत्याशी मैदान में

## जयपुर जिले में सबसे ज्यादा 2643 और सलूम्बर में सबसे कम 62

जयवर्द्धन न्यूज़

**जयपुर।** राजस्थान के निकाय चुनावों में प्रत्याशियों का आंकड़ा सामने आ गया है। जिला एवं श्रेणीवार सारणी के अनुसार प्रदेश के विभिन्न जिलों में कुल 38,929 प्रत्याशी मैदान में है। इनमें 25 हजार 36 पुरुष और 13 हजार 891 महिला प्रत्याशी शामिल हैं। यानी पुरुष प्रत्याशियों की संख्या महिलाओं से 11 हजार 145 अधिक है। जिलावार आंकड़ों में जयपुर में 2643 नामांकन के साथ सबसे आगे है। यहां 1743 पुरुष और 900 महिला प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। इसके बाद झुंझुनूं में 2407, सीकर में 1768, अलवर में 1715 और दौसा में 1515 प्रत्याशी मैदान में हैं।

### ओबीसी वर्ग से सर्वाधिक प्रत्याशी :

सूचना के अनुसार, वर्गवार नामांकन में ओबीसी वर्ग सबसे आगे है। ओबीसी से कुल 18 हजार184 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। इनमें 11 हजार 835 पुरुष और 6 हजार 349 महिलाएं हैं। सामान्य वर्ग से कुल 10 हजार 491, अनुसूचित जाति से आठ हजार 583 और अनुसूचित जनजाति से एक हजार 669 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। सामान्य वर्ग में 6562 पुरुष और 3929 महिला प्रत्याशी हैं, जबकि अनुसूचित जाति में 5528 पुरुष और 3055 महिला प्रत्याशी मैदान में हैं। अनुसूचित जनजाति वर्ग में 1111 पुरुष और 558 महिला प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है।

### महिला प्रत्याशियों में भी जयपुर आगे :

महिला प्रत्याशियों की संख्या में भी जयपुर जिला सबसे आगे है। यहां 900 महिलाओं ने नामांकन किया। झुंझुनूं में 884, सीकर में 615, अलवर में 657 और दौसा में 554 महिला प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है।

### झुंझुनूं दूसरे नंबर पर :

कुल नामांकन के मामले में झुंझुनूं दूसरे स्थान पर है। यहां 2407 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। इनमें 1523 पुरुष और 884 महिला प्रत्याशी हैं। कोटपूतली-बहरोड़ में 1859, सीकर में 1768, अलवर में 1715, दौसा में 1515 और चूरू में



1546 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है।

### कई जिलों में नामांकन का आंकड़ा 500 से कम :

जानकारी के मुताबिक, कुछ जिलों में नामांकन की संख्या अपेक्षाकृत कम रही। सलूम्बर में सबसे कम 62, फलोदी में 194, डूंगरपुर में 195, बाड़मेर में 243, जैसलमेर में 255 और प्रतापगढ़ में 290 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है।

# विधायक आक्या के जन्मदिवस पर आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

जयवर्द्धन न्यूज़

**चित्तौड़गढ़ ।** विधायक आक्या के जन्म दिवस पर समूचे विधानसभा क्षेत्र में अनेक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। इस क्रम में ग्रामीण क्षेत्रो में अनेक स्थानो पर हवन, यज्ञ व प्रसादी का आयोजन किया गया। ग्राम बस्सी में मण्डल अध्यक्ष भंवरसिंह खरड़ी बावड़ी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओ ने निलिया महादेव बल्दरखां स्थित गौशाला में गायो को लाप्सी व चारा खिलाया। ग्राम सावा मे मण्डल अध्यक्ष अनिल सुखवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओ ने ग्राम के सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजो को फल वितरण किया व गौशाला में गायो को चारा खिलाया। भदेसर में मण्डल अध्यक्ष हीरालाल रायका के नेतृत्व में कार्यकर्ताओ ने केक काटकर, गायो को चारा खिलाकर व विद्यालयो में स्टेशनरी



का वितरण कर विधायक आक्या का जन्म दिवस मनाया। घोसुण्डा मण्डल अध्यक्ष लालचंद गुर्जर के नेतृत्व मे कार्यकर्ताओ ने माताजी की पाण्डोली स्थित गौशाला में गायो को गुड व चारा खिलाया।

## संक्षिप्त खबरें

# अंडर-19 क्रिकेट में सनराइज एकेडमी रहीं उपविजेता



नाथद्वारा। नगर के दामोदर लाल स्टेडियम में आयोजित अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता में उपविजेता टीम सनराइज एकेडमी के खिलाड़ी।

जयवर्द्धन न्यूज़

**नाथद्वारा।** गोवर्धन राउमावि के तत्वावधान में आयोजित ब्लॉक स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता 2026-27 के अंडर-19 वर्ग का फाइनल मुकाबला दामोदर लाल स्टेडियम नाथद्वारा में खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइज एकेडमी की टीम ने निर्धारित 7 ओवर में 69 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सलोदा की टीम ने निर्धारित ओवरों में 69 रन ही बनाए जिससे मैच टाई हुआ। अंपायर के निर्णय अनुसार सुपर ओवर खेला गया सिलोदा की टीम विजय रही बहुत ही रोमांचक मुकाबला दोनों टीमों के बीच में हुआ। प्रधानाचार्या शिप्रा भाटिया एवं निदेशक राजदीप भाटिया ने सभी उपविजेता खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन, लगन और टीम भावना ही उनकी सफलता की सबसे बड़ी पहचान है विद्यालय के कोच हरीश माली, मोहम्मद नवाज, दीपक सनाढ्य एवं तोषित चौहान ने उप विजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को के शानदार प्रदर्शन की सराहना की। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में खेल संयोजक कमलेश गोस्वामी का योगदान रहा। निर्णायक मंडल में कमलेश सनाढ्य, योगेन्द्र सैन, आलोक सनाढ्य, भवानीशंकर लोधा, नरेश प्रजापत, हितेश सनाढ्य, दिनेश सनाढ्य, सावन सनाढ्य, अरविंद कुमावत एवं नन्दकिशोर गुर्जर मौजूद थे।

# परिणाम मूलक समग्र विकास के लिए कांग्रेस जरूरी : राठौड़



जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व जिलाध्यक्ष हरिसिंह राठौड़ ने कहा कि राजसमंद नगर और क्षेत्र के जन जीवन पर सकारात्मक एवं दूरगामी स्थायी प्रभाव डालने वाले तमाम कार्य कांग्रेस की देन है ऐसे में आगामी नगर परिषद चुनाव में जनता हमें मजबूत समर्थन प्रदान करें। राठोड़ शनिवार रात नगर निकाय चुनाव के तहत वार्ड पांच महावीर नगर में कांग्रेस उम्मीदवार पुष्कर श्रीमाली के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ कर उपस्थित जन समुदाय को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला प्रमुख नारायण सिंह भाटी ने की जबकि विशिष्ट अतिथि पीसीसी सदस्य शांतिलाल कोठारी, निवर्तमान सभापति अशोक टांक, वरिष्ठ समाजसेवी दिनेश श्रीमाली थे। राठौड़ ने कहा कि आजादी के बाद राजसमंद झील भरने के लिए खाली फीडर का निर्माण,जेके टायर उद्योग की स्थापना कांग्रेस नेता मोहन लाल सुखाडिया, निरंजन नाथ आचार्य की देन है। डॉ सीपी जोशी के नेतृत्व में जिला मुख्यालय को दो फोरलेन निर्माण और खारी फीडर विस्तार का मार्ग प्रशस्त हुआ है। पूर्व जिला प्रमुख भाटी ने कहा कि कांग्रेस ने सदैव गरीब, किसान, मजदूर और छोटे व्यापारियों के हित की नीतियां बना कर विकासवादी सोच के साथ काम किया है। सभा को पूर्व प्रधान शांतिलाल कोठारी और दिनेश श्रीमाली, उम्मीदवार पुष्कर श्रीमाली ने भी संबोधित किया। उधर, रविवार को निवर्तमान सभापति अशोक टांक, निवर्तमान उप सभापति चुन्नीलाल पंचोली के चुनाव कार्यालय का भी शुभारंभ किया गया जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मोही में कल से शुरू होगा 3 दिवसीय कृषि प्रशिक्षण शिविर

जयवर्द्धन न्यूज़

### विशेषज्ञों द्वारा दिया जाएगा मार्गदशन

**राजसमंद।** जिला मुख्यालय समीपवर्ती मोही में कृषि विभाग के तत्वावधान में सोमवार से तीन दिवसीय कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण शिविर में कृषि विशेषज्ञों के साथ सहायक कृषि अधिकारी विशेष रूप से मौजूद रहकर किसानों का मार्गदर्शन करेंगे। कृषि पर्यवेक्षक भूपेंद्र नायक ने बताया कि तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान किसानों को उन्नत खेती, कृषि से जुड़ी नवीनतम तकनीकों और विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तार से व्यावहारिक जानकारी दी जाएगी। शिविर का मुख्य उद्देश्य स्थानीय किसानों को आधुनिक कृषि पद्धतियों से जोड़कर लाभान्वित करना है। कृषि पर्यवेक्षक ने क्षेत्र के सभी किसान भाइयों से अपील की है कि वे अपना अमूल्य समय निकालकर तीनों दिन प्रशिक्षण शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और विशेषज्ञों के मार्गदर्शन का लाभ उठाएं।

## संक्षिप्त खबरें

### अच्छी बारिश की कामना को लेकर देलवाड़ा के पलेरा तालाब की पाल पर कल होगा महायज्ञ

जयवर्द्धन न्यूज़

**देलवाड़ा।** क्षेत्र में अब तक बारिश न होने और पलेरा तालाब के सूखा रहने के कारण क्षेत्रवासियों द्वारा इंद्रदेव को प्रसन्न करने के लिए विशेष धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को देलवाड़ा कस्बे के बस स्टैंड स्थित पलेरा तालाब की पाल पर सुबह 9 से 11 बजे तक हवन-पूजन आयोजित किया जाएगा। पंडित अशोक जोशी के सौजन्य से आयोजित होने वाले इस धार्मिक अनुष्ठान में कस्बे एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के कई जोड़े मुख्य यजमान के रूप में बैठकर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां देंगे। गौरतलब है कि इस वर्ष देलवाड़ा व आसपास के इलाके में अभी तक पर्याप्त वर्षा नहीं हुई है, जिससे स्थानीय पलेरा तालाब पूरी तरह खाली पड़ा है। पानी की आवक न होने से क्षेत्र में जल संकट और किसानों की चिंताएं बढ़ने लगी हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र में समृद्धि और अच्छी वर्षा की कामना के साथ यह महायज्ञ रखा गया है। पंडित अशोक जोशी एवं आयोजन समिति ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से इस अनुष्ठान में मौजूद होकर धर्म लाभ उठाने की अपील की है।

### भीलवाडा पुलक मंच गठित, आचार्य पुलकसागर के सानिध्य मे शपथ ग्रहण आज

जयवर्द्धन न्यूज़

**भीलवाड़ा।** राष्ट्र संत मनोज्ञाचार्य पुलकसागर महाराज के आशीर्वाद से भीलवाड़ा पुलक मंच का गठन किया गया है। मंच की कार्यकारिणी का गठन कर पदाधिकारियों में अतुल पाटनी अध्यक्ष, प्रतीक शाह संयोजक, संदीप बाकलीवाल मंत्री, अक्षय टोंग्या महामंत्री, आदिश चौधरी उपाध्यक्ष नियुक्त किए गए है। इनके साथ 25 अन्य दंपति भी पुलक मंच के सदस्य बने है। कार्यकारिणी गठन के बाद शपथ ग्रहण समारोह रविवार शाम को शास्त्रीनगर स्थित सूर्यमहल में आचार्य पुलकसागर के सानिध्य में किया जाएगा। अध्यक्ष अतुल पाटनी ने बताया कि भीलवाड़ा पुलक मंच द्वारा मंच का राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित किया जाएगा जिसमें देश भर से पुलक मंच के पदाधिकारी व सदस्य शामिल होंगे।

### सांवलिया सेठ धाम पर गुर्जरगौड़ ब्राह्मण समाज का महासंगम आज




जयवर्द्धन न्यूज़

**चित्तौड़गढ़।** आगामी रविवार 6 सितंबर को सांवरिया सेठ धाम पर आयोजित होने जा रहे अखिल भारतवर्षीय श्री गुर्जरगौड़ ब्राह्मण महासभा मेवाड़ मालवा हाडौती के गुर्जरगौड़ ब्राह्मण समाज के महासंगम की तैयारी हेतु आज होटल द ग्रैंड चित्तोड़ में बैठक का आयोजन ओमप्रकाश उपाध्याय कमलेश भट्ट के सानिध्य में हुआ। जिला प्रवक्ता सुनील गुर्जरगौड़ में बताया की उक्त आयोजन में गुजरात, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा आदि प्रान्तों के साथ ही मध्यप्रदेश के इंदौर, देवास, उज्जैन, रतलाम, मंदसौर, नीमच, मनासा, सिंगोली, नीमच क्षेत्र के 52 गांव खेड़ा एवं राजस्थान के कोटा ,बारां, झालावाड़, बूंदी, सवाई माधोपुर, जयपुर, अजमेर, पुष्कर, किशनगढ़, भीलवाड़ा, पुर, सवाईपुर, गेगाखेड़ा, उपरमाल क्षेत्र बिजोलिया, गंगापुर, रायपुर, उदयपुर, राजसमंद, रेलमगरा क्षेत्र के 52 गांव खेड़ा फतहनगर, मावली, सनवाड़, जेवाणा, चित्तौड़ जिले से रावतभाटा भैंसरोडगढ़, बेगु, पछुन्दा, बेग क्षेत्र के 52 चोखला गांव, पारसोली, बस्सी, विजयपुर, चित्तौड़गढ़ शहर, चंदेरिया, धनेत कलां, सावा, भदेसर, मंडपिया, टोकरियां धनेत ,उपरेडा, भीमखंड, बानसेन, उमंड, मातृकुंडिया, डिंडोली, राशमी, पहुना, मरमी, मुरोली, सिहाना, नेवरिया, रूद, बावलास, कपासन, धमाणा, जाश्मा, भोपालसागर, आकोला, ताना, बाबरियाखेड़ा, गंगरार, खुटिया, चोगावडी, सोनियाणा, अजोलिया खेड़ा, साडास, निंबाहैड़ा, केली, कनेरा, बागेड़ा बड़ावली, अरनोदा इत्यादि गांवों से हजारों की तादाद में समाज जन उपस्थित होकर कार्यक्रम को भव्य बनाने में अपना योगदान देंगे। राष्ट्रीय महासचिव नरेश दत्त व्यास ने बताया कि इस आयोजन का मूल उद्देश्य समाज का भव्य निशुल्क सामूहिक विवाह, गौतम जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की मांग, महासभा का सदस्यता अभियान, समाज की राष्ट्रीय जनगणना, युवाओं को शिक्षा सुविधाये उपलब्ध कराना, रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना तथा महासभा के भावी राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव पर विचार विमर्श किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद श्रीमान सीपी जोशी जी विशिष्ट अतिथि सावित्री प्रसाद गौतम पुष्कर, जयकिशन पंचारिया जोधपुर, केसी शर्मा इंदौर, सुरेश उपाध्याय जयपुर, अनिल जोशी आडसर जितेंद्र गौतम कोटा वीरेंद्र व्यास नगर सभा अध्यक्ष इंदौर, राजेश तिवारी रतलाम, ममता शर्मा किशनगढ़ आदि रहेंगे

जिला प्रवक्ता सुनील कुमार गुर्जर गौड़ ने बताया की बैठक में ओमप्रकाश उपाध्याय, कमलेश भट्ट, शशि रंजन तिवारी, जिला अध्यक्ष प्रशांत शर्मा, महामंत्री राजेन्द्र चतुर्वेदी, योगेश शर्मा, नरेश दत्त व्यास, गोपाल व्यास, अनिल व्यास, प्रीतम पंचोली, रामलक्ष्मण त्रिपाठी, विनायक द्विवेदी, ललित शर्मा, देवकिशन शर्मा, भरत चाष्टा आदि उपस्थित रहे।

# ट्रांसफार्मर में फाल्ट से घरों में दौड़ा करंट

## - दो बकरियों की मौत, लाखों का सामान जला







जयवर्द्धन न्यूज़

**खमनोर।** रामेला व सोई की भागल क्षेत्र में रविवार सुबह करीब 7 बजे ट्रांसफार्मर में फाल्ट होने से 25 से 30 परिवारों के घरों में अचानक तेज करंट दौड़ गया। बिजली के तेज झटकों से घरों में सो रहे लोग घबराकर बाहर की ओर भागे। हादसे में दो बकरियों की करंट लगने से मौत हो गई, जबकि एक भैंस गंभीर रूप से घायल हो गई। करंट इतना जबरदस्त था कि डालूसिंह व देवीसिंह के मकान में रखा टेंट का लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। मकान की छत बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कमरों से लेकर बाहर के चौक तक शॉर्ट सर्किट के निशान दिखाई दिए और पूरे मकान में धुआं भर गया। पड़ोसियों की सूचना समय पर मिलने से बड़ा हादसा टल गया, अन्यथा मकान में मौजूद 4-5 लोग इसकी चपेट में आ सकते थे। हादसे में जमीन पर लोहे की सांकल से बंधी सुरेशसिंह व भंवरसिंह की दो बकरियां करंट की चपेट में आकर मर गई। वहीं नवल सिंह पुत्र देवी सिंह की भैंस भी करंट के झटकों से घायल हो गई। ग्रामीणों के अनुसार बिजली के इस फाल्ट से करीब 25-30 परिवारों के फ्रिज, टीवी, इन्वर्टर, पंखे, मशीनें, ट्यूबलाइट, बल्ब सहित विद्युत उपकरण जल गए, जिससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में इस तरह की घटना पहले भी 4-5 बार हो चुकी है। घटना को लेकर ग्रामीणों ने खमनोर पुलिस थाने में बिजली विभाग के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग को लेकर रिपोर्ट दी। पटवारी ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड खमनोर कार्यालय के सहायक अभियंता मयंक जोशी ने बताया कि ट्रांसफार्मर की लाइन की बुशिंग टूटने से फाल्ट हुआ। बुशिंग टूटने के कारण 11 केवी लाइन एलटी लाइन से मिल गई, जिससे यह हादसा हुआ। विभाग को घटना की सूचना दे दी गई है तथा नियमानुसार उचित मुआवजा दिलाने की कार्रवाई की जाएगी।

# राजसमंद में बूंदाबांदी के बाद उमस का कहरः बदरा दिखा रहे छलावा

## - मुरझाती फसलों को देख चिंता में अन्नदाता

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** जिले में इन दिनों मौसम का मिजाज पूरी तरह से जलजला और पहेली बना हुआ है। शनिवार को हुई नाममात्र की बूंदाबांदी के बाद से ही शहर का पारा भले न उछला हो, लेकिन हवा में घुली चिपचिपी उमस ने शहरवासियों का जीना मुहाल कर दिया है। आलम यह है कि पूरे दिन आसमान में बादलों का जमघट तो लगा रहता है, लेकिन बूंदों के न बरसने से जिले की आबो-हवा किसी स्टीम बाथ की भांति तप रही है। मौसम विभाग के आंकड़ों पर नजर डालें तो जिले में रविवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री दर्ज किया गया। आंकड़े भले ही सामान्य प्रतीत हो रहे हों, लेकिन 80 से 90 प्रतिशत तक पहुंची उमस ने पसीने छुड़ा दिए हैं। पंखे और कूलरों की हवा इस घुटन भरी गर्मी के आगे बेअसर और बेबस साबित हो रही है। लोग सुबह से शाम तक पसीने से तर-बतर होकर बारिश का इंतजार कर रहे हैं, मगर बादल छलावा देकर आगे निकल जाते हैं।

### मुरझाती फसलों को देख मायूस हुए अन्नदाता

इस बेरुखी का सबसे दर्दनाक असर ग्रामीण अंचलों और खेतों में दिखाई दे रहा है। खेतों में लहलहाने की उम्र में फसलें पानी के अभाव में मुरझाने लगी हैं। तेज धूप और उमस की मार से पौधों की पत्तियां ऐंठ रही हैं। अपनी गाढ़ी कमाई और खून-पसीने से सींची गई फसलों को आंखों के सामने दम तोड़ते देख अन्नदाता के चेहरे पर गहरी चिंता और मायूसी की लकीरें साफ पढ़ी जा सकती हैं। किसानों की निगाहें हर पल आसमान में घुमड़ते काले-कजरारे बादलों की ओर टकटकी लगाए ताक रही हैं कि कब मेहरबानी की एक बूंद बरसे और प्यासी धरती के साथ-साथ उनकी उम्मीदों को नया जीवन मिले।

### अस्पतालों में उमड़ी मरीजों की कतारें, बढ़ा बीमारियों का प्रकोप

एक तरफ जहां किसान बूंद-बूंद को तरस रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ मौसम में आए इस उतार-चढ़ाव और उमस ने आमजन की सेहत पर भी कड़ा प्रहार किया है। अचानक बढ़ी इस बेतहाशा उमस से वायरल फीवर, डिहाइड्रेशन, उल्टी-दस्त और त्वचा संबंधी बीमारियों का खतरा चरम पर पहुंच गया है। शहर के राजकीय व निजी अस्पतालों के ओपीडी काउंटरों पर मरीजों की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। चिकित्सकों के अनुसार ऐसे मौसम में थोड़ी सी लापरवाही भी सेहत पर भारी पड़ सकती है। फिलहाल पूरा जिला एक ओर जहां उमस की भट्टी में झुलस रहा है,वहीं दूसरी ओर इंद्रदेव की उस एक रहमत की बौछार का बेसब्री से इंतजार कर रहा है जो धरती को ठंडक और किसानों को राहत दे सके।

# स्मार्टफोन चोरी या गुम होने पर तुरंत अपनाएं यह सुरक्षा चक्र

## - राजस्थान पुलिस ने जारी की साइबर एडवाइजरी

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** महानिदेशक पुलिस राजस्थान राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार साइबर क्राइम शाखा द्वारा आमजन को साइबर अपराधों से सुरक्षित रखने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (साइबर क्राइम) वीके सिंह ने बताया कि वर्तमान में स्मार्टफोन केवल बातचीत का साधन नहीं, बल्कि बैंकिंग, यूपीआई, सोशल मीडिया और व्यक्तिगत दस्तावेजों का डिजिटल केंद्र है। ऐसे में मोबाइल गुम या चोरी होने पर फोन की खोज करने से पहले उससे जुड़े डिजिटल खातों को सुरक्षित करना अत्यंत आवश्यक है। राजस्थान पुलिस द्वारा नागरिकों की सुरक्षा के लिए जारी एडवाइजरी के अनुसार स्मार्टफोन गुम या चोरी होने पर तुरंत सही क्रम में कदम उठाना आवश्यक है। सबसे पहले एंड्रॉयड के फाइंड माई डिवाइस या आईफोन के फाइंड माई आईफोन की मदद से फोन को रिमोट लॉक करें। इसके बाद अपने बैंक की आधिकारिक ऐप, वेबसाइट या कस्टमर केयर के माध्यम से मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई और डिजिटल वॉलेट को अस्थायी रूप से ब्लॉक करवाएं और बैंक खाते के लेनदेन पर नजर रखें। किसी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल बैंक को दें। अगले चरण में अपनी मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनी से संपर्क कर सिम कार्ड को तुरंत बंद करवाएं, ताकि ओटीपी और अकाउंट रिकवरी का दुरुपयोग न हो सके। इसके बाद उसी नंबर का डुप्लीकेट सिम प्राप्त करें और किसी अन्य सुरक्षित डिवाइस से जीमेल, सोशल मीडिया व अन्य महत्वपूर्ण खातों के पासवर्ड बदल दें। अपने ऑनलाइन खातों की लॉग-इन डिवाइस सूची जांचकर पुराने फोन को रिमूव करें और सभी खातों में टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन सक्रिय रखें। डिजिटल सुरक्षा सुनिश्चित करने के बाद घटना की सूचना नजदीकी पुलिस थाने में दें और आईएमईआई नंबर सुरक्षित रखें। किसी भी प्रकार की साइबर ठगी या संदिग्ध गतिविधि की स्थिति में नागरिक तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 राजस्थान साइबर हेल्पडेस्क नंबर पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# हस्तीमल व्याख्यानमाला 13 को उदयपुर मेंः हम भारत के लोग विषय पर आयोजित होगा प्रथम व्याख्यान

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक स्वर्गीय हस्तीमल की पुण्य स्मृति में पाथेय कण संस्थान और विश्व संवाद केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में हस्तीमल व्याख्यानमाला का आयोजन किया जा रहा है। व्याख्यानमाला की कड़ी में प्रथम व्याख्यान हम भारत के लोग विषय पर आगामी 13 सितंबर को उदयपुर स्थित रवींद्रनाथ टैगोर आयुर्विज्ञान महाविद्यालय में आयोजित किया जाएगा। सतीश आचार्य ने बताया कि संघ के विभिन्न अखिल भारतीय दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए अपना सर्वस्व भारत माता के चरणों में अर्पित करने वाले वरिष्ठ प्रचारक हस्तीमल का जन्म जिले के आमेट कस्बे में हुआ था। अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने राष्ट्र सेवा का पथ चुनते हुए प्रचारक जीवन अंगीकार किया। उन्हीं की पावन स्मृति में इस प्रेरणादायी व्याख्यानमाला का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के अनुसार 13 को होने वाले इस व्याख्यान में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर (राजस्थान) के अध्यक्ष हनुमान सिंह राठौड़ मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहकर विषय प्रबोधन देंगे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक ललिता कुंवर के लिये मुद्रक वेदान्त प्रभाकर द्वारा मेधा कप्यूटर्स, नंद भवन, कांवाखेड़ा पार्क के पास, भीलवाड़ा से मुद्रित व ग्राम बागोटा, डाकघर सांगठकला जिला राजसमंद, राजस्थान - 313324 से प्रकाशित। संपादक - लक्ष्मण सिंह राठौड़। पत्र पंजीयन संख्या आर.एन.आई. RJBIL/26/A5478। सभी प्रकार के प्रसंगो का न्याय क्षेत्र राजसमंद ही रहेगा।